मेरा तो भोलेनाथ से नाता है

क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है
क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है....

मेरी ये जीवन गाड़ी
मेरी ये जीवन गाड़ी भोले चलाता है,
क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है
क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है…

जब जब मुझको पड़ती है दरकार,
शिव हमेशा रहता है तैयार,
शिव मुझको पर किया उपकार,
शिव ही मेरे जीवन का आधार,
हरदम ये मुझपर अपना प्यार लूटाता है,
क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है…

दुख के बादल जब जब मंडराते,
शिव नाम लेते ही छँट जाते,
बाल भी बांका वो ना कर पाते,
कभी दोबारा नज़र नही आते,
बाल भी बांका वो ना कर पाते,
कभी दोबारा नज़र नही आते,
संकट आने से पहले,
संकट आने से पहले भोला आता है,
क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है…

मेरे मन में आता जो भी ख्याल,
शिव व्यवस्था करता है तत्काल,
हरपल मुझको ये ही रहा संभाल,
शिव कृपा से मैं हूँ मालामाल,
जिसके लायक ही नही मैं,
जिसके लायक ही नही मैं वो मिल जाता है,
क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है…

शिव भरोसे मै निश्चिंत हूँ,
क्योंकि मैं तो श्याम पे आश्रित हूँ,
शिव चरण मे पूर्ण समर्पित हूँ,
इसलिए मैं सदा सुरक्षित हूँ,
जी भर के बिन्नु को ये,
जी भर के बिन्नु को ये लाड लड़ाता है,
क्यों घबराऊँ मैं मेरा तो भोलेनाथ से नाता है…

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27794/title/mera-to-bholenaath-se-nata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |